प्रेषक,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अम्बेडकरनगर

सेवा मे,

कार्यालय अध्यक्ष
....
अम्बेडकरनगर

पत्राक–मु0चि0अ0 / रा0तम्बाकू नि0प्रकोष्ठ / 2018–19 / दिनांक–16.05.2018

विषय–राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत कोटपा अधिनियम 2003 के अनुपालन एवं तम्बाकू मुक्त परिसर बनाने हेतु दिशा निर्देश के सम्बन्ध मे ।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि आपके जनपद मे राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत कोटपा अधिनियम 2003 को जनपद अम्बेडकरनगर मे कडाई से लागू किया जा रहा है जिसके सम्बन्ध मे आपको पूर्व में पत्र के माध्यम से सूचना प्रेषित किया जा चुका है, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0 रा0तम्बाकू प्रकोष्ठ / 2018–19 / 1405 दिनांक 11–05–2018 एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति / कार्यालय जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर के पत्रांक– त0नि0प्र0 / 2017–18 13853–13 दिनांक: 02–02–2018 के कम मे सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के पूर्ण अनुपालन के कम में जनपद के समस्त स्वास्थ्य इकाईयों, सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानो को तंम्बाकू मुक्त बनाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया है (पत्र संलग्न)।

जैसा की आप अवगत है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक **31 मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस** मनाया जाना है जिस हेतु प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक थीम प्रदत्त किया जाता है। उ0प्र0 में इस वर्ष भी दिनॉक–31 मई 2018 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रदत्त थीम **(Tobacco Breaks Hearts) है।**

अतः उक्त कम मे आपको निर्देशित किया जाता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रदत्त थीम पर **विश्व तम्बाकू निषेध दिवस** मनाते हुए अपने–अपने कार्यालय को तंम्बाकू मुक्त घोषित करने का कष्ट करे तथा घोषणा पत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 5 कार्यदिवसो में उपलब्ध कराये।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अम्बेडकरनगर
तददिनॉकित

पत्रांक– रा0तंम्बाकू नि0प्रकोष्ठ / 2018–19 / 1918–7
प्रतिलिप–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0 प्र0 लखनऊ।
2 मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ।
3 राज्य सलाहकार, राज्य तंम्बाकू नियत्रण प्रकोष्ठ उ0प्र0 लखनऊ।
4 मंडलायुक्त महोदय फैजाबाद मण्डल फैजाबाद।
5 जिलाधिकारी, महोदय, अम्बेडकरनगर को सादर अवलोनार्थ प्रेषित।
6 नोडल अधिकारी, एन0टी0सी0पी0, अम्बेडकरनगर।
7 रीजनल को–ऑर्डिनेटर, यू0पी0बी0एच0ए0।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
अम्बेडकरनगर